स्थापित - सन् 1954

श्री महावीराय नमः

रजि.नं. 89/54-55

# ओसवाल सभा उदयपुर (राज.)

**कार्यालय** : ओसवाल भवन, मुखर्जी चौक, उदयपुर–313001, मोबाइल : 9982267641
**हमारा बैंक** : दी उदयपुर अरबन कॉ–ऑपरेटिव बैंक लि., बड़ा बाजार,
**खाता संख्या** : 78603100100811 IFSC : UUCB0786003

**अंक : 02** **माह : जून-जुलाई- 2024** **वर्ष : 2024**

## ओसवाल संदेश

कोषाध्यक्ष
**फतेहसिंह मेहता**
मो. : +91-98290 57096

सचिव
**आनन्दी लाल बम्बोरिया**
मो. : +91-93525 03280

अध्यक्ष
**प्रकाशचन्द्र कोठारी**
मो. : +91-94143 42753

सम्पादक
**डॉ. प्रमिला जैन**
मो. : +91-94615 47399

सह सम्पादक
**कुन्दनमल भटेवरा**
मो. : +91-94133 18779

## ओसवाल सभा स्पोर्ट्स टूर्नामेंट 2024

ओसवाल सभा के तत्वाधान में पहली बार ''ओसवाल सभा स्पोर्ट्स टूर्नामेंट 2024'' का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष श्री प्रकाश जी कोठारी ने बताया कि 29 और 30 जून 2024 को चौफला अकादमी, शोभागपुरा में इस खेल का आयोजन होगा। सचिव आनन्दी लाल बम्बोरिया ने बताया इसमें 13 से 19 साल, 19 से 30 साल, 30 से 45 साल, और 45 से ज्यादा उम्र वाले लोगों के लिए अलग-अलग कैटेगरीज रखी गई हैं, जिससे कि सभी उम्र वर्ग के लोग इसमें भाग ले सकें। पुरुष और महिलाओं के लिए भी अलग-अलग कैटेगरीज हैं। स्पोर्ट्स कमेटी चेयरमैन अंशुल मोगरा ने बताया कि इस खेल प्रतियोगिता बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम, और चेस को शामिल हैं। ओसवाल सभा का यह आयोजन है, फॉर्म्स ऑनलाइन वेबसाइट www.oswalsabha.com या हार्डकॉपी में कलेक्शन सेंटर्स पर 26.6.2024 तक जमा किए जा सकते हैं। संयुक्त. सचिव मनीष नागोरी ने बताया कि लंबे समय से में इस तरह की प्रतिस्पर्धा करने का समाज को एक मंच पर लाने का सार्थक प्रयास है उक्त खेलकूद प्रतियोगिता में आने वाले समय में प्रतिभाएं निखर कर आएगी। उपाध्यक्ष तुक्तक भाणवत ने बताया की खेलो के दौर में सरप्राइज गिफ्ट और अवॉर्ड भी रखे गए हैं। इस प्रतिस्पर्धा के मुख्य प्रायोजक **स्व. श्री मोहनलाल जी-बादामदेवी भाणावत की स्मृति में उनके पुत्र एवं ओसवाल सभा कार्यपरिषद सदस्य श्री देवेन्द्र जी भाणावत, पौत्र अनूप एवं अमित जी भाणावत, बाठेड़ा गैस एजेन्सी**, उदयपुर होंगे।

1. ओसवाल सभा की दुकान किराये से आय हुई 5 गुनी, 6 लाख से बढ़ कर 30 लाख।
2. 29-30 जून को आयोजित होंगे, स्पोर्ट्स टूर्नामेंट।
3. ओसवाल सभा पारिवारिक निर्देशिका का कार्य हुआ शुरू।
4. ओसवाल सभा हुई डिजिटल, वेबसाइट www.oswalsabha.com से जुड़कर गतिविधियों से रहे अवगत।
5. अगस्त माह में साधारण सभा बैठक आयोजित होगी।
6. आगामी अक्टूबर माह में ओसवाल युवक परिषद के तत्वाधान में विशाल कवि सम्मेलन आयोजित होगा।
7. प्रतिभा एवं युवा उद्धमी सम्मान के साथ दीपावली स्नेहमिलन का आयोजन होगा।
8. ओसवाल युवक परिषद एवं बहु मण्डल का गठन हुआ।
9. 68 वर्षों में पहली बार ओसवाल सभा के कब्जे में आई दो दुकाने।

(विस्तार से जानकारी हेतु पूरा बुलेटीन पढ़े।)

जो ओसवाल लोढे साजन परिवार पिछले 5 वर्षो से अधिक समय से उदयपुर में निवास रत है एवं ओसवाल सभा के सदस्य नहीं है वे सभी परिवार मात्र 5100/- एक बार जमा कराकर पूरे परिवार को ओसवाल सभा की सदस्यता ग्रहण कर सकते है। फार्म ओसवाल भवन में उपलब्ध है 18 वर्ष के सभी सदस्यों के आधार कार्ड के साथ सदस्यता ग्रहण कर समाज की अतिशीघ्र प्रकाशित हो रही परिवार निर्देशिका में फोटो सहित जुड़ सकेंगे। संयोजक - डॉ. ललित मुरडिया से भी सम्पर्क करें। मोबाइल : 94600 82861

ओसवाल सभा महिला प्रकोष्ठ, ओसवाल सभा बहू मंडल एवं ओसवाल युवक परिषद की सदस्यता हेतु सम्पर्क सुत्र -

**किरण पोखरना**
अध्यक्ष
ओसवाल सभा महिला प्रकोष्ठ
मोबाइल : 94610 48155

**वन्दना दक**
अध्यक्ष
ओसवाल सभा बहुमण्डल
(45 वर्ष की आयु तक)
मोबाइल : 94624 63792

**अनिल जारोली**
अध्यक्ष
ओसवाल युवक परिषद
(45 वर्ष की आयु तक)
मोबाइल : 9829287832

**जिंदगी में ठंड और घमंड दोनों से बचकर रहना चाहिए क्योंकि दोनों ही परिस्थितियों में इंसान अकड़ जाता है।**

# ओसवाल सभा कार्यकारिणी पदाधिकारियों एवं सदस्यों की मिटिंग



ओसवाल सभा कार्यकारिणी बैठक

ओसवाल सभा कार्यकारिणी, पदाधिकारियों एवं सदस्यों की मिटिंग दिनांक 7 जून 2024 को अध्यक्ष श्री प्रकाश चन्द्र कोठारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक कार्यवाही विवरण निम्नानुसार :-

1. ओसवाल सभा के आगामी वर्ष 2024-25 के बजट पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इसमें आगामी वर्ष में सदस्यों से 3 करोड़ 50 लाख का सदस्यों के आर्थिक सहयोग परिधि के माध्यम से आय दिखाई गई। सदस्यता अभियान से 20 लाख रुपये, सम्पत्ति किराये से 30 लाख एवं भवन किराये से अनुमानित 4 लाख की आय की सम्भावना होना जाहिर है। संस्थान के लिये नवीन भवन बनाने हेतु उदयपुर शहर की परिधि में कम से कम 1 लाख वर्गफीट भूमि यूडीए अथवा प्राईवेट व्यक्ति से क्रय करने का लक्ष्य रखा गया है, जिस पर अनुमानित 6 करोड़ रुपये का खर्च सम्भावित हैं। बजट सवार्नुमति से अनुमोदित किया गया।
2. ओसवाल सभा के सदस्य परिवारों की डायरेक्ट्री प्रकाशन हेतु विचार-विमर्श किया गया। सभी सदस्यों की राय थी कि लम्बे अर्से से ओसवाल सभा की कोई डायरेक्ट्री (परिवार निर्देशिका) नहीं बनी हैं। वर्तमान में उदयपुर शहर में लगभग 2 हजार सदस्य परिवार निवासरत हैं साथ ही 1500 ऐसे परिवार जो ओसवाल सभा के सदस्य नहीं है उन्हें भी ओसवाल सभा से जोड़ा जाकर सभी सदस्य परिवारों की फोटो युक्त परिवार निर्देशिका का प्रकाशन किया जाए, जिसमें ओसवाल सभा के परिवारों की विस्तृत जानकारी प्रकाशित की जा सके। इस कार्य हेतु सवार्नुमति से **श्री आर.सी. मेहता** का मनोनयन संयोजक के रूप में किया गया तथा एक उप समिति श्री आर.सी. मेहता जी के नेतृत्व में गठित की गई, जो सम्पूर्ण डायरेक्ट्री का कार्य शीघ्रातिशीघ्र करेगी। इसके साथ ही डायरेक्ट्री में विज्ञापन हेतु एक उप समिति अलग से गठित की गई, जिसके संयोजक सह सचिव **श्री मनीष जी नागौरी** को नामित किया गया। उक्त डायरेक्ट्री के प्रकाशन में होने वाला सम्पूर्ण खर्च विज्ञापनों से प्राप्त राशि से हो, जिससे सभा पर कोई भार नहीं आवे।
3. ओसवाल सभा कार्यकारिणी के अधिकतर सदस्यों की राय थी कि इसी जून माह में ओसवाल सभा की ओर से खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रखा जाए, जिससे खेल भावना से समाज की प्रतिभाएं जो खेलकूद में रूचि रखती हैं उन्हें मंच प्रदान किया जाए, इस हेतु एक उप समिति **श्री अंशुल जी मोगरा** के नेतृत्व में गठित की गई, उक्त समिति अपने प्रयासों से सम्पूर्ण कार्यक्रम के लाभार्थी का चयन करें एवं अगर लाभार्थी नहीं मिले तो अध्यक्ष जी को अवगत करावें, ताकि प्रतियोगिता में होने वाले खर्च की व्यवस्था हो सके एवं संस्थान परिवार पर कोई आर्थिक भार न आये इसका विशेष ध्यान रखा जावे। फिर भी इस कार्यक्रम हेतु संस्थान की तरफ से 50 हजार रुपये का बजट सवार्नुमति से पारित किया गया।
4. ओसवाल सभा के कार्य कलापों में विगत 20 वर्षों में काफी शिथिलता आ जाने से ओसवाल सभा का अस्तित्व संकट में था एवं अब 15 वर्षों की लम्बी समयावधि के बाद ओसवाल सभा के चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात एक सशक्त कार्यकारिणी का गठन हुआ। अब लगातार ओसवाल सभा परिवार कम से कम साल में दो बार ऐसे बड़े कार्यक्रम आयोजित करें, जिसमें सम्पूर्ण समाज की सहभागिता हो इसको ध्यान में रखते हुए आगामी दीपावली पर स्नेहमिलन एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम बृहद स्तर पर आयोजित किए जाने का निर्णय सर्वानुमति से लिया गया। एक उपसमिति गठित की गई जिसके संयोजक श्री नरेन्द्र जी कोठारी को नामित किया गया। उक्त सम्पूर्ण कार्यक्रम हेतु ओसवाल सभा की ओर से 10 लाख रुपये का बजट भी आवंटित किया गया। साथ ही अन्य बड़े कार्यक्रम सदस्यों के सहयोग से किए जाने का सर्वानुमति से निर्णय लिया गया।
5. ओसवाल सभा भवन, जो लम्बे समय से रख-रखाव नहीं किए जाने से जर्जर अवस्था में है, सम्पूर्ण भवन में रंग-रोगन, अत्याधुनिक टॉयलेट्स का निर्माण, सुविधायुक्त कार्यालय कक्ष का निर्माण, मुख्य द्वार का निर्माण एवं ग्राउण्ड में टाईल्स अथवा पत्थर लगाकर पक्का कराने का निर्णय सवार्नुमति से किया गया। साथ ही प्रथम मंजिल पर स्थित हॉल, जो 31 हजार रुपये प्रति माह में किराये पर दिया गया है जिसकी पूर्व की ओर की खुली दिवारों पर चुनाई कर प्लास्टर तथा पश्चिम की ओर चुनाई कर द्वार एवं खिड़कियां लगाई गई है, नाल में एक शटर भी लगाया गया है, ग्राउण्ड फ्लोर पर स्थित हॉल जिसे 61 हजार रुपये प्रतिमाह में जैन परिवार को ही किराये पर दिया गया है हॉल के अन्दर की दिवारें हटाने एवं कुछ चुनाई एवं प्लास्टर आवश्यक होने से कराया गया है। रंग-रोगन इत्यादि जो कार्य कराया गया उक्त सम्पूर्ण कार्यों का अनुमोदन बैठक में किया गया।
6. ओसवाल सभा के सभी किरायेदार दुकानदारों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में वार्ता कर सभी किरायेदारों की आपसी सहमति से दुकानों के किराये में आमूलचूल वृद्धि की गई है, जिससे दुकानों से प्राप्त होने वाले किराये की आमद 3-4 गुणा ज्यादा होना सम्भावित हैं। पूर्व में किराये की वार्षिक आय जो लगभग 6 लाख से बढ़कर अनुमानित 30 लाख

**महान बनने का कोई विद्यालय नहीं होता, कर्मवाणी और विचार ही व्यक्ति को महान बनाते है।**

होना सम्भावित हैं। इसके लिए सभी सदस्यों ने सभा अध्यक्ष श्री प्रकाश जी कोठारी एवं कार्यकारिणी के विशेष प्रयासों की मुक्त कण्ठ से प्रशंसा की। आपके विशेष प्रयासों से किराये की आमद में विशिष्ठ बढ़ोतरी के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। वर्षों बाद ओसवाल सभा की दो दुकानें ओसवाल सभा के कब्जे में प्राप्त हुई। एक दुकान जिसमें खादी भंडार संचालित था, जो 2000/- रुपये प्रतिमाह में किराये पर थीं, खाली कराकर दुकान को सड़क लेवल पर लाया जाकर नवीन प्लास्टर, रंग-रोगन, फर्शी एवं शटर लगाया जाकर अब 31 हजार रुपये प्रतिमाह में लीज पर दी गई है, उक्त सभी दुकानें 5 वर्ष की अवधि के लिए रजिस्टर्ड लीज डीड के आधार पर किराये पर दी गई है। किराये में प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत की वृद्धि करना तय किया गया है।

7. ओसवाल सभा में कार्यालय स्टॉफ हेतु एक टाईपिस्ट की नियुक्ति 3 जून से 10,000 रुपये प्रतिमाह में जैन परिवार से की गई है। संस्थान में नवीन कम्प्यूटर एवं प्रिन्टर क्रय किये जाने का सवार्नुमति से निर्णय लिया गया।

8. ओसवाल सभा की साधारण सभा की बैठक लम्बे अन्तराल से नहीं हुई है अर्थात लगभग 15 वर्ष पश्चात ओसवाल सभा की साधारण सभा की बैठक आगामी अगस्त माह में किये जाने का निर्णय प्रस्तावित है जिसे सर्वानुमति से अनुमोदित किया गया है। इस बैठक हेतु एक लाख रुपये का खर्च का निर्णय भी लिया गया।

9. ओसवाल सभा परिसर में सीसी टीवी कैमरे एवं कार्यालय कक्ष में इन्वर्टर लगाया जाने का निर्णय सवार्नुमति से किया गया।

10. ओसवाल सभा को अपने बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु बहुत बड़ी राशि में समाजजनों से चन्दे की राशि एकत्रित किया जाना प्रस्तावित है। ओसवाल सभा को दिए गए चन्दे की राशि पर आयकर अधिनियम 80 जी एवं 12 एए के तहत छूट प्राप्त करने हेतु देवस्थान विभाग में पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसकी सार्वजनिक विज्ञप्ति स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित कराई गई, लेकिन बड़े खेद का विषय है कि हमारी ही संस्था के कतिपय सदस्यों 1. सर्व श्री संजय जी भण्डारी 2. श्री मनीष जी गलुण्डिया 3. श्री सुधीर जी मेहता 4. श्री कुलदीप जी मेहता 5. श्री रवि प्रकाश जी देरासरिया 6. श्री अशोक जी दशरड़ा 7. श्री अनिल जी मेहता 8. श्री हेमन्त जी मेहता 9. श्री प्रितम कुमार जी मेहता 10. श्री ललित जी जैन आदि द्वारा संस्थान का पंजीयन रूकवाए जाने बाबत एतराज माननीय देवस्थान न्यायालय में प्रस्तुत किए। कार्यकारिणी बैठक में उक्त सदस्यों द्वारा ओसवाल सभा के कल्याणकारी कार्यों में संस्थान विरोधी गतिविधियां अपनाये जाने पर सवार्नुमति से विरोध प्रकट किया गया तथा सभी सम्मानित सदस्यों से पूर जोर विनती की गई कि ओसवाल सभा के विकास में सहयोगी बनें अवरोध न लावें एवं कार्यकारिणी द्वारा किए जा रहे विकास के कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता दर्शाते हुए अपनी नकारात्मक कार्यवाही को विराम देकर पुनः देवस्थान विभाग में अपने द्वारा प्रस्तुत एतराज को विड्रॉ करें। पूर्व में भी निर्वाचित कार्यकारिणी के खिलाफ माननीय न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया गया था, जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश जारी नहीं किए गए एवं दिसम्बर माह में आयोजित स्नेहमिलन एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम को रूकवाने हेतु न्यायालय में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसे भी न्यायालय द्वारा खारिज किया गया। आप निर्वाचित कार्यकारिणी पर पूर्ण विश्वास रखें 8 माह का कार्यकाल आपसी खिंचातानी में वैसे भी समाप्त हो चुका है शेष 16 माह के कार्यकाल में आप सहयोगी बनें ऐसी हमारी भावना है।

11. ओसवाल सभा का सदस्यता अभियान, जो कि काफी शिथिल हो चुका है पुनः तेजी लाते हुए ऐसे परिवार जो अब भी ओसवाल सभा से नहीं जुड़े हैं विशेष प्रयास कर उन्हें जोड़ने का प्रयास जारी रखा जाये।

12. ओसवाल सभा के कार्यकलापों में विस्तार हो एवं सभी सदस्यों का ओसवाल सभा से जुड़ाव हो इसको ध्यान में रखते हुए ओसवाल युवक परिषद एवं ओसवाल बहु मण्डल के गठन का सवार्नुमति से निर्णय लिया जाकर युवक परिषद के अध्यक्ष पद हेतु श्री अनिल जी जारोली एवं महामंत्री पद हेतु कार्यपरिषद सदस्य श्री धीरज जी भाणावत का सवार्नुमति से मनोनयन किया गया तथा ये 18-45 वर्ष के युवकों को अधिकाधिक ओसवाल सभा से जोड़े एवं अपने कार्यक्रमों की रूप-रंखा तैयार कर कार्यकारिणी के समक्ष प्रस्तुत करें। ओसवाल बहु मण्डल के गठन हेतु अध्यक्ष/सचिव/सहसचिव/कोषाध्यक्ष को नामित किया गया।

13. ओसवाल सभा परिसर में अधिक से अधिक कार्यक्रम हो, ताकि समाज के सदस्य परिवारों का ओसवाल सभा से पुनः जुड़ाव स्थापित हो इसको ध्यान में रखते हुए विशाल मेडिकल केम्प, रक्तदान शिविर, साधु-सन्तों के प्रवचन एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रम ओसवाल भवन में आयोजित हो इसका निर्णय सवार्नुमति से किया गया।

14. ओसवाल सभा के नवगठित ओसवाल युवक परिषद के तत्वाधान में विशाल राष्ट्रीय कवि सम्मेलन कराये जाने का निर्णय सवार्नुमति से लिया गया।

## 16. अन्य बिन्दु अध्यक्ष जी की अनुमति से।

(अ) ओसवाल सभा द्वारा असहाय परिवारों की पेंशन राशि 750/- प्रतिमाह से बढ़ाकर 1000/- रुपया प्रतिमाह जुलाई से किये जाने का निर्णय लिया गया। (ब) सम्मानित सदस्य श्री अशोक जी दशरडा, जिन्होंने वर्ष 2018 में संस्थान से दिनांक 19 अप्रैल 2018 को 110 बिस्तर सेट किराये पर लिये थे उक्त बिस्तर सेट का किराया एवं 7 गदे, 7 तकिया मय खोली एवं 11 शोलापुरी चद्दर, जिनकी अनुमानित कीमत 27 हजार रुपये बनती है एवं किराया राशि 11 हजार इस प्रकार कुल 38 हजार रुपये 6 वर्ष से भी अधिक समय से बकाया है इन्हें नोटिस जारी कर ब्याज सहित बकाया राशि जमा कराने हेतु पाबंद किये जाने का निर्णय सवार्नुमति से लिया गया। बैठक का संचालन सहसचिव श्री मनीष नागौरी द्वारा किया गया।

धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष श्री फतेह सिंह जी मेहता द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं राष्ट्रगान के साथ बैठक का समापन किया गया।

**तीलियाँ खाक हो जाती है, शमां रोशन करने में उजाले के होते ही माचिस को भूल जाते है लोग।**

## होली मिलन समारोह संपन्न



ओसवाल सभा का होली मिलन समारोह दिनांक 30 मार्च 2024 को महावीर साधना एवं स्वाध्याय समिति अंबा माता में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद श्री चुन्नीलाल जी गरासिया,विशिष्ट अतिथि उदयपुर शहर विधायक श्री ताराचंद जी जैन,उप महापौर श्री पारस जी सिंघवी, सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग श्री जतिन कुमार जी गांधी,अध्यक्ष मदारिया समाज श्री बालचंद जी गन्ना, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री गौतम जी सिरोया,समाजसेवी एवं युवा उद्यमी श्री कालू लाल जी जैन ,अध्यक्ष जैन सोसायटी, सुभाष नगर श्री पारस जी पोखरना, युवा उद्यमी श्री अनीश जी धींग आदि गणमान्य अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओसवाल सभा अध्यक्ष श्री प्रकाश कोठारी द्वारा की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ओसवाल महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमती किरण जी पोखरना के नेतृत्व में स्वागत नृत्य ,लघु नाटिका आदि प्रस्तुतियां दी गई ।सूर्यास्त पूर्व स्वरुचि भोज की व्यवस्था की गई इस कार्यक्रम में 250 से अधिक सदस्यों ने अपनी सहभागिता दर्शाई।

## ओसवाल समाजः डिजिटल युग की ओर बढ़ते कदम!!

ओसवाल समाज की कार्यकारिणी मीटिंग में ओसवाल सभा अध्यक्ष श्री प्रकाशजी कोठारी द्वारा श्री अंशुल मोगरा को वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन विकसित करने का महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया है। समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है कि प्रौद्योगिकी के साथ मिलकर हमें समाज को आगे बढ़ाना है। श्री अंशुल मोगरा ने सूचना दी है कि यह वेबसाइट और मोबाइल एप्लीकेशन ओसवाल जैन समुदाय के सदस्यों के लिए दुनिया में पहली होगी, जिसकी शुरूआत उदयपुर से की गई है।

नई वेबसाइट, सोशल मीडिया उपस्थिति और मोबाइल एप्लिकेशन समुदाय के सदस्यों को 24/7 पहुंच प्रदान करते हैं और संपर्क सूत्रों को सहेजने, संपादन करने और साझा करने में सक्षम बनाते हैं।

वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से आप अपने समुदाय के सदस्यों के डेटा को अपडेट कर सकते हैं, जो पिछले कई वर्षों से सही नहीं हो पाया है। इसके साथ ही, आप आने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी, व्यवसायिक विवरण और अन्य फंक्शनों को भी जोड़ सकते हैं। ई सर्विसेज के ऑप्शन से ऑनलाइन ओसवाल सभा के हॉल, कमरे बुक करना, नये मेम्बरशिप फॉर्म , ऑनलाइन पेमेंट , प्रतियोगिता के फॉर्म भरना आदि कार्य भी हो सकेंगे। ओसवाल सभा की गतिविधियों और न्यूजलेटर को भी देख सकेंगे । ओसवाल समाज की मेम्बर डायरेक्टरी भी वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन पर उपलब्ध होगी, जिससे सदस्यों को आपसी संपर्क और जानकारी की सुविधा मिलेगी।

ओसवाल सभा मोबाइल ऐप से ओसवाल सभा मेंबर्स के लिये सुविधा प्रदान की जा सकेगी जिसमें मेट्रीमोनियल, नौकरी लेने या देने के लिए विज्ञापन, कॉमन सर्विस के डिटेल्स , घर किराया लेना या देना, बिजनेस प्रमोशन आदि कार्य होंगे । इन सभी से ओसवाल समाज के लोगों को एक प्लेटफार्म पर लाकर टेक्नोलॉजी से सुविधा उपलब्ध होगी जो कि कोई भी समाज अभी तक नहीं कर रहा है। मेंबर्स एक दूसरे से ऐप से चैट कर सकेंगे, जन्मदिन, शादी की सालगिरह की बधाईयाँ दे सकेंगे जिससे एक दूसरे के सुख-दुःख में समाज का साथ होगा ।

सोशल मीडिया पर फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि पर ओसवाल सभा का पेज बनाया जाएगा जिससे केवल ओसवाल सभा उदयपुर ही नहीं बल्कि सभी लोग सभा की गतिविधियों से अवगत रह सकेंगे ।

हमने सुनिश्चित किया है कि हमारे डिजिटल दृष्टिकोण से समुदाय के सदस्यों के प्रति समान पहुंच हो, उनकी प्रौद्योगिकी में पकड़ मजबूत हो या नहीं, पर्यावरण-हितैषी - हमने प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी को पहचानते हुए, पेपरलेस समाधान को अपनाया है। इससे हम पर्यावरण को बचाने में अपना योगदान दे सके, साथ ही समुदाय के सदस्यों को ताजा और अपडेटेड जानकारी प्रदान कर सके। समुदाय के सदस्य अपनी जानकारी को स्वयं अपडेट कर सकेंगे, जिससे समुदाय में संपर्क की सुविधा में सुधार हो सके।

हम आपको इस नए डिजिटल पहल में सहभागी होने का आमंत्रण देते हैं। आपकी सहभागिता से, हम समुदाय को और भी मजबूती प्रदान कर सकेंगे। नई वेबसाइट के माध्यम से, हम समुदाय के सदस्यों को न केवल जोड़ने का प्रयास करेंगे, बल्कि उन्हें विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, और शैक्षिक कार्यक्रमों की जानकारी भी प्रदान करेंगे। इसके अलावा, समुदाय के सदस्यों को समाज में होने वाली विभिन्न गतिविधियों, समाचारों, और अपडेट्स की सूचना सीधे उनके मोबाइल पर मिल सकेगी।

हमारा मानना है कि प्रौद्योगिकी का सही उपयोग हमें समुदाय में एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करने में मदद करेगा। आपके सुझाव हमारे लिए मूल्यवान हैं, और हम आपकी प्रतिक्रिया का स्वागत करते हैं।

## ओसवाल सभा महिला प्रकोष्ठ का गठन

**अध्यक्ष-किरण पोखरना, सचिव- वंदना बाबेल**

दिनांक 6 जनवरी 2024 को ओसवाल भवन प्रांगण में ओसवाल सभा महिला प्रकोष्ठ का गठन करने हेतु महिला सदस्यों की मीटिंग रखी गई, जिसमें 100 से भी अधिक महिलाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर श्रीमती किरण पोखरना को ओसवाल सभा महिला प्रकोष्ठ का अध्यक्ष एवं श्रीमती वंदना बाबेल को सचिव हेतु मनोनीत किया गया।





युद्ध हो या जीवन सफलता केवल तीन शास्त्रों से प्राप्त होती है धर्म, धैर्य और साहस।

## ओसवाल सभा के दुकानों के किराए से आय में 6 गुना वृद्धि

ओसवाल भवन में कुल 27 दुकानें बनी होकर लगभग विगत 60 वर्षों से किराए पर दे रखी है। ओसवाल भवनमुख्य द्वार से लगी मुख्य सड़क पर कुल 17 दुकाने स्थित है। वर्तमान में इन दुकानों का किराया दो दुकानों को छोड़कर सभी दुकानों का किराया काफी कम है। वर्ष 2003 में नया किराया कानून लागू होने के पश्चात किराए की दरों को संशोधित की जाकर नवीन दरें लागू की जानी थी लेकिन पूर्व कार्यकारिणी द्वारा 2003 में बाजार दर से नवीन किराया निर्धारित करना था लेकिन पूर्व की दरों पर ही जो काफी न्यूनतम थी उन पुरानी दरों पर ही 5% वृद्धि लागू कर दी गई जो लंबे समय से लगातार जारी है आज भी वर्तमान में माह फरवरी 2024 में अधिकतम किराया रु. 2000/- प्रति माह के आसपास ही था।

फरवरी माह में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी द्वारा सभी दुकानदारों का किराया वर्तमान परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए ओसवाल सभा अध्यक्ष श्री प्रकाश चंद्र कोठारी द्वारा एक-एक दुकानदार से अलग-अलग वार्ता कर वर्तमान किराए की दरों में आपसी समझाइश एवं किरायेदारों की सहमति से मुख्य द्वार से लगी दुकानों का मासिक किराया न्यूनतम रुपए 6500/- प्रति माह की दर से मार्च 2024 से बढ़ी हुई दरों से वसूला जाना सुनिश्चित किया गया। जो बढ़ी हुई दरों से माह मार्च से किरायेदारों द्वारा जमा कराया जा रहा है।

मुख्य द्वार के पास लगे हाल को हमारे ही समिति के सदस्य श्रीमान अशोक जी पोरवाल को रु. 61,000/- प्रति माह की दर से किराए (मालिक) तथा 6 माह के अग्रिम किराए की राशि के साथ किराए पर दिया गया। इसी प्रकार प्रथम मंजिल पर स्थित हॉल को भी रिपेयरिंग करते हुए हमारे पुराने किराएदार श्री अश्विन जी सोनी को 31000/- रुपए प्रति माह की दर से किराए तथा 6 माह का अग्रिम किराए की राशि के साथ किराए पर दिया गया तथा मुख्य द्वार से लगी दुकान नंबर 15 खादी ग्राम उद्योग द्वारा अथक प्रयासों से खाली हुई। उक्त दुकान को खाली कराने में एडवोकेट **श्री मनोज जी कोठारी** का विशेष योगदान रहा। उक्त दुकान को भी हमारे वर्तमान किराएदार श्री राजकुमार जी पितलिया को रुपए 31000/- प्रति माह की दर से किराए तथा 6 माह का अग्रिम किराए की राशि के साथ किराए पर दी गई।

यह उल्लेखनीय है कि ओसवाल सभा के इतिहास में आज तक किराए पर दी गई कोई भी दुकान ओसवाल सभा के कब्जे में वापस नहीं आई लेकिन श्री प्रकाश जी कोठारी के नेतृत्व में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के अथक प्रयासों से दुकानों पर पुनः काबीज होना एवं बिना किसी वाद विवाद के पारदर्शिता के साथ उपरोक्त महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है जो संपूर्ण समाज के लिए गौरव की बात है।

ओसवाल भवन के पश्चिमी द्वार पर स्थित 12 दुकानों का किराया जो वर्तमान में मात्र 300/- से 800/- मासिक था वह भी बढ़ाया जाकर न्यूनतम रुपए 1500/- से रु. 2500/- के मध्य तय किया गया। साथ ही भवन की बुकिंग जो अल्पसंख्यक वर्ग की जा रही थी पूर्णरूपेण बन्द कर दी गई है। पोस्ट ऑफिस के पास जो दुकान खाली कराई गई है समाज का कोई सदस्य अपने व्यवसाय हेतु लेने का इच्छुक हो तो ओसवाल सभा कार्यालय में संपर्क स्थापित करावें।

## ओसवाल सभा महिला प्रकोष्ठ का होली मिलन

ओसवाल सभा महिला प्रकोष्ठ का होली मिलन समारोह का आयोजन नवनियुक्त अध्यक्षा श्रीमती किरण जी पोरवाल के नेतृत्व में दिनांक 27 मार्च 2024 को महावीर साधना एवं स्वाध्याय भवन अंबा माता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ परिषी कोठारी की गणेश वंदना से हुआ वह ओसवाल सभा के सदस्यों ने सोलो व ग्रुप नृत्य और लघु नाटिका की रंगारंग प्रस्तुतियां दी। सभी प्रतिभागियों को पारितोषिक प्रदान किया गया पारितोषिक की प्रायोजक श्रीमती पिस्ता जी हड़पावत थी। कार्यक्रम संयोजक और प्रायोजक श्रीमती साधना मोगरा एवं श्रीमती संगीता जारोली थी। मुख्य अतिथि समाज सेवी मीनल जैन थी। सभी सदस्यों को होली पर तंबोला गेम खेलाया गया। सचिव वंदना बाबेल ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रमिला जैन ने किया इस अवसर पर ओसवाल सभा महिला प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी सहित 120 सदस्याएं उपस्थित थी।अंत में सभी ने लजीज भोजन का आनंद लिया।

## जैन सोशल ग्रुप संस्कार का गठन, सहकारिता मंत्री ने दिलाई शपथ



उदयपुर जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन मेवाड़ रीजन का नवगठित ग्रुप जैन सोशल ग्रुप संस्कार गठन संस्थापक अध्यक्ष हमारे ओसवाल सभा के अध्यक्ष श्री प्रकाश चन्द्र कोठारी का पहला शपथ ग्रहण समारोह सेरेमनी रिसोर्ट में हुआ। मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री गौतम दक, मेवाड़ रीजन चैयरमैन अनिल नाहर, आईएफएस मुख्य वन संरक्षक जोधपुर आर.के. जैन, चैयरमैन इलेक्ट अरुण माण्डोत, पूर्व चैयरमेन आर.सी. मेहता, सचिव, महेश पोरवाल कॉऑर्डिनेटर राकेश नंदावत, सेवानिवृत्त न्यायाधीश हिमांशु राय नागोरी, महेन्द्र कुमार मेहता थे। मेवाड़ रीजन के अन्य मुख्य पदाधिकारी एवं अन्य जेएसजी ग्रुप के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

**प्रस्तुतियाँ भी रही खास :** शुभारम्भ में रेण कुमुद सिरोया ने मंगलाचरण किया। स्वागत गीत पर उमा कोठारी, चन्द्रकान्ता मेहता एवं ग्रुप ने नृत्य प्रस्तुति दी, बालिका परिषी कोठारी ने भी नृत्य प्रस्तुत किया। संचालन ओसवाल बड़े साजन सभा के महामंत्री आलोक पगारिया ने किया। सचिव जितेन्द्र धाकड़ ने आभार जताया। सहयोग पर ललित आजाद सहलोत को सम्मानित किया गया।

**इन्हें मिली जिम्मेदारी –** नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश कोठारी ने स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यकारिणी में संस्थापक अध्यक्ष प्रकाश कोठारी, उपाध्यक्ष विनोद कुमार लसोड़, सचिव जितेन्द्र धाकड़, सहसचिव राजेन्द्र कुमार चौरड़िया, कोषाध्यक्ष किरण पोखरना एवं सांस्कृतिक सचिव चंद्रकांता मेहता को बनाया नवगठित ग्रुप के 85 दम्पत्ती सदस्यों को रीजन चेयरमेन नाहर ने और कार्यकारिणी को सहकारिता मंत्री दक ने शपथ दिलाई।

**पत्थर जो चोट से टूट गया, वो कंकर बन गया, पत्थर जो चोट सह गया, वो अरिहंत बन गया।**

## ओसवाल महिला मंच द्वारा तप अभिनंदन समारोह



ओसवाल महिला मंच की ओर से आयड़ जैन मंदिर में तप अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया।अध्यक्ष माया सिरोया ने बताया कि इस अवसर पर वर्षीतप करने वाली सुमन कोठारी,पूर्णिमा मेहता,संध्या दक,पवन बेन गन्ना,अनिता सिरोया,कीर्ति मेहता आशा मुर्डिया, चंदा कोठारी, सुशीला मेहता,चंदा मारू,गिरिजा मेहता,मीनू नाहर का उपरना, श्रीफल,प्रतीक चिन्ह से अभिनंदन किया गया। साथ ही नाकोड़ा जी पैदल संघ यात्रा करने पर भाग्य श्री गन्ना का अभिनंदन किया गया। साथ ही केसरिया जी पैदल संघ यात्रा करने वाली कांता हड़पावात,नीतु मेहता, शीतल मेहता,अनुराधा मुणेत,आशा पितलिया,आशा मेहता,दिलखुश सिरोया का भी बहुमान किया गया। संचालन नम्रता नलवाया,भाग्यश्री गन्ना, कल्पना नाहर ने किया। ओसवाल सभा सभी तपस्वियों के तप की अनुमोदना करती है।

# हार्दिक बधाई

## चाँद चावत ने बेडमिंटन में जीता सिल्वर और ब्रोंज मैडल


उदयपुर शहर के सीनियर बैडमिंटन खिलाड़ी श्री चाँद चावत ने वियतनाम में हुए एशिया सीनियर ओपन बेडमिंटन प्रतियोगिता में अंडर-45 आयु वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक सिल्वर और एक ब्रोंज मैडल जीता। चावत भारत के पहले खिलाडी हैं, जिन्होंने एशिया सीनियर ओपन में दो मैडल जीतकर भारत का नाम रोशन किया। श्री चाँद चावत को बहुत-बहुत बधाइयाँ एवं उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

## डॉ. रेणु सिरोया नेपाल में काव्य रत्न सम्मान से विभूषित

नेपाल की साहित्यिक संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला शक्ति कविता प्रतियोगिता 2024 आयोजित की गई थी जिसमें देश-विदेश के लगभग 700 रचनाकारों ने भाग लिया। उदयपुर की कवयित्री व गीतकार डॉ. रेणु सिरोया कुमुदिनी को महिला शक्ति काव्य रत्न सम्मान प्रदान किया गया। रेणु जी को बहुत बहुत बधाइयाँ एवं शुभकामनाएं।

## रमेश चौधरी को दिया रोटरी का सर्वोच्च पुरस्कार

रोटरी प्रांत 3056 के प्रांतपाल डॉ. निर्मल कुणावत की अनुशंसा पर रोटरी अंतरराष्ट्रीय ने उदयपुर के पूर्व प्रांतपाल श्री रमेश चौधरी को स्वयं से ऊपर सेवा पुरस्कार से सम्मानित होने पर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।



हमारे कार्यकारिणी सदस्या श्रीमती डॉ नीता - हेमेंद्र जी मेहता के सुपुत्र **श्री अवि मेहता** के प्रथम प्रयास मे आईआईटी मे चयनित होने पर मेहता परिवार को हार्दिक बधाई एवं अवि के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं।

## रवीन्द्र जी डूँगरवाल ने आकाशवाणी उदयपुर निदेशक का कार्यभार सम्भाला



ओसवाल सभा के सदस्य भारतीय प्रसारण सेवा के 1998 बैच के वरिष्ठ अधिकारी **श्री रवीन्द्र डूँगरवाल** ने दिनांक 13.5.2024 को आकाशवाणी उदयपुर में निदेशक (अभि.) के पद पर कार्यग्रहण किया। श्री डूँगरवाल आकाशवाणी उदयपुर के केन्द्र के अतिरिक्त राज्य के दक्षिण अंचल के 06 अन्य आकाशवाणी केन्द्रों का कार्य भी देखेगे। इससे पूर्व श्री डूँगरवाल ने दूरदर्शन अहमदाबाद केन्द्र के निदेशक (अभि.) पद पर तीन वर्षो की सेवा के दौरान कई विशिष्ट कार्य किये एवं डी.डी. गिरनार चैनल को नया आयाम देने में उनका विशेष योगदान रहा। वे इससे पूर्व दूरदर्शन के उदयपुर एवं जयपुर केन्द्रों में भी वरिष्ठ पदों पर कार्यरत रहे हैं। इनके कार्यकाल के दौरान दूरदर्शन उदयपुर केन्द्र को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ अनुरक्षित केन्द्र के पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है।

## प्रभु भक्ति से किया ओसवाल सभा महिला प्रकोष्ठ का शुभारंभ

दिनांक 27 फरवरी को ओसवाल सभा महिला प्रकोष्ठ का शुभारंभ चौगान मंदिर प्रांगण में श्री पद्मनाभन प्रभु के दर्शन व भक्ति द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के प्रायोजक वन्दना जी मेहता एवं आशा जी मेहता थी। प्रभावना ग्रुप उपाध्यक्ष स्नेहलता जी मोगरा द्वारा वितरित की गई। भोजनशाला में गौतम प्रसादी लेकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## प्रकाश कोठारी ने महावीर स्वाध्याय मण्डल सुन्दरवास को दिलाई शपथ

ओसवाल सभा के अध्यक्ष श्री प्रकाश कोठारी ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर महावीर स्वाध्याय मण्डल के अध्यक्ष श्री विनोद पोखरना, मंत्री डॉ. अनिल कोठारी, उपाध्यक्ष श्री धनराज धींग, कोषाध्यक्ष श्री गौतम मेहता, सहमंत्री श्री राजेश चौधरी एवं सांस्कृतिक मंत्री श्री महेन्द्र कुमार मेहता को कार्यकारिणी 20246-26 हेतु शपथ दिलाई। इस अवसर पर श्री जतिन जी गाँधी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## राकेश नन्दावत अध्यक्ष एवं मनीष नागौरी महामंत्री मनोनीत



सुभाष नगर जैन सोसायटी के हुए द्विवार्षिक चुनाव में श्री राकेश नन्दावत अध्यक्ष पद पर एवं ओसवाल सभा के सहमंत्री श्री मनीष नागौरी महामंत्री पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद हेतु श्री दिनेश मुणेत कोषाध्यक्ष पद हेतु श्री शांतिलाल कदमालिया एवं कार्यकारिणी सदस्य हेतु श्री लक्ष्मीलाल जी जारोली का मनोनयन किया गया। उल्लेखनीय एवं गौरव का विषय है कि उपरोक्त सभी सदस्य ओसवाल छोटे साजन सभा के सम्मानित सदस्य है। सभी निर्वाचन पर ओसवाल सभा उदयपुर की ओर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

**कटी हुई टहनियाँ भी क्या कहीं छावँ देती है हद से ज्यादा उम्मीदें तो हमेशा ही छावँ देती है।**

# ओसवाल सभा सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह भव्यता के साथ आयोजित




कई वर्षों के लंबे अंतराल के बाद ओसवाल सभा की नव निर्वाचित टीम के द्वारा 24 दिसम्बर 23 को शुभ केसर गार्डन में हर्षोल्लास के साथ विशाल आम सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के समारोहाधिपति असम के राज्यपाल महामहिम श्री गुलाब चंद जी कटारिया, मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्री लहरसिंह जी सिरोया,विशिष्ट अतिथि राजसमंद विधायक श्रीमती दीप्ति किरण माहेश्वरी, बड़ीसादड़ी विधायक श्री गौतम जी दक, सहाड़ा विधायक श्री लादूलाल जी पितलिया, उदयपुर शहर विधायक श्री ताराचंद जी जैन, उप महापौर श्री पारस जी सिंघवी, कोटा रेंज आईजी श्री प्रसन्न जी खमेसरा, पाली कलेक्टर श्री नमित जी मेहता, मुख्य वन संरक्षक श्री आर. के. जैन, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री शांतिलाल जी चपलोत थे। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन श्री शैलेश जी सुराणा, डीएलबी निदेशक श्री कुशल जी कोठारी, उपाधीक्षक श्री भगवतसिंह जी हिंगड़ व शहर के विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओसवाल सभा के अध्यक्ष श्री प्रकाश चंद्र जी कोठारी ने की।

समारोह में महामहिम श्री गुलाब जी कटारिया द्वारा नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री प्रकाश जी कोठारी, सचिव श्री आनन्दी लाल जी बम्बोरिया, उपाध्यक्ष डॉ. तुक्तक जी भानावत, सहमंत्री श्री मनीष जी नागौरी, कोषाध्यक्ष श्री फतहसिंह जी मेहता, ऑडिटर सीए श्री अंशुल जी मोगरा, भंडार संरक्षक श्री फतहलाल जी कोठारी व कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती किरण जी पोखरना, श्रीमती सुमन जी कोठारी, श्री मुकेश जी मोगरा, श्री अशोक जी मेहता सहित कार्य परिषद सदस्यों को शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम में स्वरूचि भोज के लाभार्थी नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री प्रकाश कोठारी एवं शुभ केसर गार्डन नव निर्वाचित सचिव श्री आनन्दी लाल बम्बोरिया द्वारा निःशुल्क उपलब्ध करवाया गया।कार्यक्रम में लगभग 5500 सदस्यों की उपस्थिति रही। इस दौरान कई नए सदस्यों का भी ओसवालसभा के साथ जुड़ाव हुआ व सभी उपस्थित सदस्यों ने इस कार्यक्रम की बहुत सराहना की। कार्यक्रम का संचालन श्री आलोक जी पगारिया ने किया। धन्यवाद मंत्री श्री आनन्दीलाल बम्बोरिया ने दिया।









आज के दौर में सब खामोश है, कोई आवाज नहीं करता, सच बोलकर कोई, किसी को नाराज नहीं करता।













## यूसीसीआई में ओसवाल सभा के सात सदस्य चयनित

अत्यंत हर्ष का विषय हैं कि उदयपुर की प्रतिष्ठित संस्था यूसीसीआई में ओसवाल सभा के निम्न सदस्य चयनित/मनोनीत हुए हैं सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

1. श्री मनीष जी गलुन्डिया - वरिष्ठ उपाध्यक्ष
2. श्री सुधीर जी मेहता - अध्यक्ष, वित्त और कराधान समिति
3. श्री रमेश जी चौधरी - कार्यकारी समिति के सदस्य
4. श्री हेमन्त जी मेहता - कार्यकारी समिति के सदस्य
5. श्री नरेन्द्र जी धींग - कार्यकारी समिति के सदस्य
6. श्री उमेश जी नागोरी - कार्यकारी समिति के सदस्य
7. श्री कमलेश जी जारोली - कार्यकारी समिति के सदस्य

.................................................

.................................................

.................................................

## बधाई

### जैन सोशियल ग्रुप सिद्धम का गठन

जैन सोशियल ग्रुप सिद्धम का गठन हुआ जिसमें अध्यक्ष श्री अर्जुन जी खोखावत, सचिव श्री सुनील जी दलाल, उपाध्यक्ष श्री महेन्द्र जी मेहता (सेवानिवृत्त न्यायाधीश) उल्लेखनीय है कि श्री सनील जी दलाल एवं श्री महेन्द्र जी मेहता हमारे ओसवाल सभा परिवार के सदस्य है।

### तेरापंथ सभा उदयपुर के द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न हुए

तेरापंथ सभा उदयपुर के अध्यक्ष पद हेतु श्री कमल जी नाहटा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री आलोक जी पगारिया, महामंत्री श्री अभिषेक जी पोखरना एवं संगठन मंत्री पद हेतु श्री मनीष जी नागौरी का सर्वसम्मति से मनोनयन हुआ पूरी कार्यकारिणी को ओसवाल सभा की और से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ उल्लेखनीय है कि श्री अभिषेक जी पोखरना एवं श्री मनीष जी नागौरी सहमंत्री ओसवाल सभा के सम्मानित सदस्य हैं।

श्री ऋषभ भवन आयड़ के त्रैवार्षिक आम चुनाव 16 जून 2024 शनिवार को सम्पन्न हुए अध्यक्ष पद हेतु श्री बलवन्त जी कोठारी, महामंत्री पद हेतु श्री प्रकाश जी गेलड़ा का सर्वानुमति से मनोनयन हुआ। **ओसवाल सभा सभी निर्वाचित सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देती है।**

**ओसवाल सभा उदयपुर (राज.)**

**कार्यालय :**
ओसवाल भवन, मुखर्जी चौक,
उदयपुर–313001, मोबाइल : 9982267641